पेज थ्री देहरादून

पंचांग पूजन एवं विष्णु महायज्ञ में प्रतिभाग करते सीएम व अन्य।



# हमारा दून

देहरादून, शनिवार 21 दिसंबर, 2019

पेज 8


## संक्षिप्त समाचार

### फार्म मशीनरी के उपकरणों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**संवाददाता** ऋषिकेश। सामाजिक एवं पर्यावरण केन्द्र जौलीग्राण्ट देहरादून में सेवा–टीएचडीसी एवं कृषि विभाग टिहरी द्वारा संयुक्त रूप से आजीविका एवं महिला सशाक्तिकरण हेतु कर्न्वजेन्स के माध्यम से कियान्वित परियोजना का टीएचडीसी के निदेशक तकनीकी आर. के. विश्नोई के द्वारा निरीक्षण किया गया। उक्त केन्द्र में कृषि आजीविका सम्बन्धित क्रिया कलापों, सेनिटरी नैपकीन का उत्पादन तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जिसका लाभ यहां के निवासियों का अनवरत रूप से मिलता रहे।

### आयोग के उपाध्यक्ष 22 को प्रेसवार्ता करेंगे

**संवाददाता** देहरादून। सचिव उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग बी सी रतूड़ी ने अवगत कराया है कि 22 दिसम्बर को उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग देहरादून पूर्वान्ह 11 बजे प्रेस क्लब देहरादून में परिचय वार्ता करेंगे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय शंकरपुर में एटीएल टैन्टी लैब का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। जवाहर नवोदय विद्यालय शंकरपुर सहसपुर के विद्यालय प्रबन्धन समिति व विद्यालय सलाहकार समिति की सामान्य बैठक जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एटीएल टैन्टी लैब का भी उद्घाटन किया उन्होंने विद्यालय के बच्चों से पठन–पाठन के साथ ही अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने भी बढ–चढकर अपनी जिज्ञासाएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की।

### आईफैड की सुपर विजन मिशन टीम ने प्रभारी मुख्य सचिव से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय में प्रभारी मुख्य सचिव ओम प्रकाश से उनके कक्ष में आईफैड की सुपर विजन मिशन टीम ने कंट्री लीडर मीरा मिश्रा के नेतृत्व में मुलाकात की। प्रभारी मुख्य सचिव ओम प्रकाश द्वारा आईफैड परियोजना की सहायता से उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गरीबी उन्मूलन तथा जलागम द्वारा संचालित कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की जानकारी आईफैड टीम से प्राप्त की गयी।

### भारत समाज रत्न सम्मान से नवाजा गया

**संवाददाता** देहरादून, आजखबर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत समाज रत्न सम्मान का आयोजन इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर में हुआ। अठावले ने कहा आज के माहौल में शांति सद्भाव कायम रखना हर नागरिक की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# जोखिम आपदा प्रबन्धन के लिए समर्थन प्रणाली को किया विकसित

**आयोजन**

प्लेटफार्म तथा मोबाइल ऐप्प का किया गया विमोचन

इंसिडेन्ट रिस्पांस सिस्टम को मजबूत बनाने में यह डेटा सहायक होगा

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण उत्तराखण्ड सरकार, एशियन इन्सटिट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी थाईलैण्ड एवं विश्व बैंक द्वारा पोषित उत्तराखण्ड डिजास्टर रिकवरी परियोजना के सौजन्य से राज्य में जोखिम आपदा प्रबन्धन हेतु एक निर्णय समर्थन प्रणाली को विकसित किया गया, जिसका उद्देश्य जोखिम की निगरानी, पूर्व चेतावनी, आपदा पूर्व तैयारी, आपदा के समय प्रतिवादन तथा आपदा उपरान्त पुनर्निर्माण कार्यों को सुचारू रूप से किये जाने तथा त्वरित निर्णय लिए जाने हेतु किया गया। इसी क्रम में डेटाबेस को आपदा प्रबन्धन विभाग से जुड़े विभिन्न विभागों, संस्थानों को इससे परिचित कराये जाने हेतु पैसेफिक होटल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस



जोखिम आपदा प्रबन्धन कार्यशाला को संबोधित करते कृषि मंत्री।

दौरान प्लेटफार्म तथा मोबाइल ऐप्प का विमोचन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रतिभाग किया गया है। इस अवसर पर उन्होने कहा कि इस डेटा बेस को किसी भी आपदा की स्थिति में सम्बन्धित विभाग तक त्वरित निर्णय लिये जाने एवं फील्ड स्टाफ हेतु उपयोगी होगा, जो आपदा के दौरान प्रभावित जनमानस की मदद करेगा, जिससे आपदा के दौरान क्षतिपूर्ति को कम करने में सहायता मिलेगी। कार्यशाला में सम्बोधन करते हुए सचिव आपदा प्रबन्धन अमित नेगी ने कहा कि राज्य में आपदा के समय बेहतहर रिसपांस के लिए भविष्य की आपदा के परिपेक्ष्य में बेहतर पॉलिसी बनाये जाने से आपदा के दौरान जनहानि को कम किये जाने के लिए इंसिडेन्ट रिस्पांस सिस्टम को मजबूत बनाने में यह डेटा सहायक होगा।

कार्यशाला में रिद्धम अग्रवाल अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ने कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों से सभी विभागों के मध्य बेहतर समन्वय एवं सटीक सूचना के आदान–प्रदान, संसाधनों को बेहतर तरीके से आपदा प्रभावित इलाकों में पंहुचाने पर बल दिया।

इस अवसर पर आईआरएस विशेषज्ञ राज्य आपदा प्रबन्धन बी. बी गणनायक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रणाली में सम्भावित आपदा भूकंप, बाढ, भूस्खलन, त्वरित बाढ और औद्यागिक खतरों के लिए जोखिम विश्लेषण अध्ययन, राज्य की सरकारी भवनों की घातकता आंकलन आदि का समस्त डाटा तथा रिवर मोर्फोलाजी अध्ययन के अन्तर्गत राज्य की चार प्रमुख नदियों भागीरथी, अलंनंदा, काली एवं मंदाकिनी के अन्तर्गत बनाया गया है।

### योजनाओं के लाभर्थियों के चयन में पारदर्शिता बरतेंः रेखा आर्य

**संवाददाता** देहरादून। मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रेखा आर्या ने विधान सभा सभाकक्ष में मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। रेखा आर्या ने कहा मत्स्य संरक्षण एवं संवर्धन से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचे। इसके लिए बनाये गये मानकों का पालन अनिवार्य रूप से लाभर्थियों के चयन में पारदर्शिता बरतें। उन्होंने कहा कि गढ़वाल मण्डल के सभी जनपदों में तालाबों के निर्माण हेतु जो बजट आवंटित किया गया है उसे समय पर व्यय करें। उन्होंने कहा कि आदर्श तालाब निर्माण के लिए 5 वर्ष पूर्व जो धनराशि आवंटित की जाती थी, वर्तमान समय उस धनराशि से तालाब निर्माण करना सम्भव नहीं है, इसलिए तालाब निर्माण के लिए निर्धारित धनराशि को बढाई जायेगी। वर्तमान समय में आदर्श निर्माण हेतु यह धनराशि 3 लाख है। बैठक में कहा गया कि हमारे प्राकृतिक जल स्रोतों में पाये जाने वाले मत्स्य के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए टिहरी, पौड़ी एवं उत्तरकाशी जनपदों ने अच्छा कार्य किया है लेकिन जनपद हरिद्वार में आशा के अनुरूप कार्य नहीं हो पाया है। इसके लिए उन्होंने मत्स्य प्रभारी हरिद्वार को बजट खर्च करने और लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाने के लिए कार्य करने के सन्दर्भ में निर्देश दिये।

### मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र को जन्मदिन की बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास मे विधायक गणेश जोशी, खजान दास, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, मेयर ऋषिकेश अनीता मंमगाई वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने डाकरा में वृक्षारोपण किया एवं बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री ने भाजपा महानगर कार्यालय में पंचांग पूजन एवं विष्णु महायज्ञ में प्रतिभाग किया तथा गरीबों को कम्बल वितरित किये। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, विधायक गणेश जोशी, मेयर सुनील उनियाल 'गामा', एवं भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने पालिका टेंडर्स घोटाले में दिए जांच के निर्देश

**निर्देश**

■घोटाले की जांच कराए जाने की मामले को गंभीरता से लिया

विकासनगर। **संवाददाता**

जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि मोर्चा प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से मुलाकात कर पालिका विकास नगर में हुए टेंडर घोटाले की पुनः जांच की मांग को लेकर 20/11/19 को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें मुख्य सचिव ने गंभीरता दिखाते हुए सचिव, शहरी विकास को मामले की जांच करने एवं घोटालेबाज


मुख्य सचिव से मुलाकात करते जन संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी।

अधिकारी से घोटाले की जांच कराए जाने की मामले को गंभीरता से लिया एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

नेगी ने कहा कि वर्ष 2017–18 में नगर पालिका, विकास नगर में 2.38 करोड़ के 50 टेंडर्स को मिलीभगत कर मात्र 0.10 फीसदी न्यूनतम दर पर स्वीकृत कर सरकार को 60–70 लाख का चूना लगाने का काम किया गया था तथा लगभग 40 फीसदी टेंडर्स एक ही ठेकेदार को आवंटित कर दिए थे द्य अगर पारदर्शी तरीके से टेंडर प्रक्रिया संपन्न होती तो यही कार्य 20 से 40 फीसदी न्यूनतम दरों पर स्वीकृत होते। मोर्चा द्वारा उक्त घोटाले की जांच हेतु पूर्व में सचिव, शहरी विकास से आग्रह किया गया था, जिसके क्रम में शासन ने दिनांक 20–7–18 को जिलाधिकारी एवं निदेशक ,शहरी विकास को जांच के निर्देश दिए थे। प्रशासन ने किसी ईमानदार व निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने के बजाय उसी घोटालेबाज अधिकारी से जांच करा दी, जिसने घोटाले को अंजाम दिया था तथा उक्त अधिकारी ने जांच कर रिपोर्ट प्रशासन के माध्यम से शासन को प्रेषित करवा दी। इस मामले में मोर्चा द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष से प्रयास किया जा रहा है द्य मोर्चा जनता से भी आग्रह करता है की भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ लड़ाई में अपना सहयोग दें।

### होमगार्ड भर्ती स्थगित

**संवाददाता** देहरादून। जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स डॉ राहुल सचान ने अवगत कराया कि कार्यालय द्वारा जनपद में होमगार्ड स्वयं सेवकों के पदों पर जारी की गयी विज्ञप्ति अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गयी है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel



**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।